**आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 21.12.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुँचे।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार कर रही नवाचार।**
- **प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, लोगों को ठंड से मिली राहत।**
- **अंडर–19 महिला टी–20 एशिया कप का फायनल कल, भारत का मुकाबला बॉग्लादेश से।**

**समाचार विस्तार सेः–**

**प्रधानमंत्री–कुवैत प्रस्थान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिनों की यात्रा पर कुवैत पहुंचे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में भारत–कुवैत मित्रता को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कई पीढियों से कुवैत के साथ के अपने ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देता रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देश न केवल व्यापार और ऊर्जा में मजबूत भागीदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि में भी दोनों के साझा हित हैं।

**मुख्यमंत्री–खेल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रतलाम में खेल चेतना मेले के 'रजत जयंती वर्ष' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए हम लगातार नवाचार और प्रयास कर रहे हैं। हमें गर्व है कि मध्यप्रदेश ने "खेलो इंडिया यूथ गेम्स" के सफल संचालन के साथ ही देश में तीसरा स्थान भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में खेल क्रांति जारी है। यहां 12 से अधिक अत्याधुनिक एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड तैयार किए गए हैं। हम खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

**कार्यशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में मध्य प्रदेश की नई ड्रोन नीति पर एक दिवसीय विशेषज्ञ पेनल कार्यशाला 23 दिसम्बर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा ड्रोन केंद्रित सूचना पोर्टल drone.mp.gov.in भी लॉन्च किया जाएगा। इस दौरान प्रशासन और नागरिक सेवाओं के लिए ड्रोन तकनीक के बढ़ते उपयोग और राज्य को देश का ड्रोन हब बनाने पर विचार–विमर्श होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन कार्यशाला को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोक कल्याणकारी सेवाओं, नवाचार, उत्कृष्टता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए ड्रोन टेक्नालॉजी का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**विश्व ध्यान दिवस**

आज प्रथम विश्व ध्यान दिवस है। इस दिवस का आयोजन शांति और कल्याण की भावना से तथा होशपूर्वक जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। समझा जाता है कि तनाव, हिंसा और सामाजिक असंतोष सहित कई वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर सकने की क्षमता ध्यान में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का अंग बनाने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ध्यान व्यक्ति और समाज के जीवन में शांति और समरसता लाने का एक सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर गुना पुलिस लाईन में ध्यान योग कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस खंडवा में विश्व ध्यान दिवस कार्यक्रम का आयोजन हार्टफुलनेस संस्था के सहयोग से किया गया। सीहोर,राजगढ़ सहित अन्य जिलों से भी कार्यक्रम आयोजित किये जाने के समाचार मिले है।

नड्डा - बैठक

केन्द्रीय **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने आज सरकार के 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। श्री नड्डा ने अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए मुख्यमंत्रियों से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने सामुदायिक लामबंदी सुनिश्चित करने के लिए विधानसभाओं और परिषदों के सदस्यों के सहयोग को भी प्रोत्साहित किया।**

**मुख्यमंत्री भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में युवा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित युवा उद्यमी शिखर सम्मेलन 2024 में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए बेहतर अवसरों का सृजन कर रहा है, युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं, रोज़गार की गारंटी हैं। हमने बजट में सभी स्टार्टअप्स के लिए पर्याप्त राशि सुनिश्चित की है, ताकि हर नवाचार को बेहतर अवसर और हर युवा को सफलता के नए रास्ते मिलें । वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन जिले के ग्राम डोंगला, में 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का वीसी के माध्यम से शुभारंभ किया गया।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। पिछले कुछ दिनों से जारी कड़ाके ठंड से थोड़ी राहत मिली है। प्रदेश में बर्फीली हवा का असर कम होते ही रात का तापमान 6.9 डिग्री तक बढ़ गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी ठंड का असर और भी कम होगा। लेकिन 25 दिसंबर से तेज सर्दी का दूसरा दौर आएगा। सर्दी से पहले प्रदेश के उत्तरी हिस्से में कोहरे का असर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम हिस्से में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। वहीं, एक और सिस्टम 27 दिसंबर से सक्रिय हो रहा है। इनके गुजरने के बाद ठंड का असर बढ़ेगा, क्योंकि पहाड़ों में बर्फबारी होगी, जिससे उत्तरी हवा फिर से चलने लगेंगी।

**महिला क्रिकेट**

कुआलालंपुर में अंडर–19 महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में कल भारत का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजे शुरू होगा। वहीं भारत और वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच कल वडोदरा में खेला जाएगा। यह मैच दिन में डेढ़ बजे शुरू होगा।

संक्षिप्त समाचार

- केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने आकांक्षी जिले बड़वानी में आज शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, उद्यानिकी से संबंधित संस्थाओं एवं कार्यों का अवलोकन किया ।
- प्रदेश में बच्चों पर बढ़ते यौन अपराध के मामले पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने स्वतः संज्ञान लिया है।
- देवास में लखपति दीदी इनिशिएटिव कार्यकम अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- नदी जोड़ो योजना के अंतर्गत आगरमालवा स्थित शासकीय सी एम राइज़ मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में आज चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- नर्मदापुरम जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के अब तक 39 हज़ार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।
- अशोकनगर में म.प्र. जन अभियान परिषद अंतर्गत नवांकुर संस्था प्रमुखों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्ना।
- रायसेन में बस और ट्रक की टक्कर में बस में सवार 9 यात्री घायल हो गए जिन्हें विदिशा और भोपाल भेजा गया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दो दिन की यात्रा पर कुवैत जाएंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुॅचे।
- मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार कर रही नवाचार।
- प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, लोगों को ठंड से मिली राहत।
- अंडर–19 महिला टी–20 एशिया कप का फायनल कल, भारत का मुकाबला बॉग्लादेश से।

....................